तार में करंट दौड़ा कर जंगली जानवरों का शिकार करने वाले दो गिरफ्तार

शिकार करने के पहले ही दबोच लिए गए

शहडोल, देशबन्धु। ग्रामीणों ने जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए तार में बिजली का करंट फैलाया हुआ था। यह शिकारी अपने मकसद में कामयाब हो पाते उससे पहले ही वन अधिकारियों ने इन शिकारियों को दबोच लिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 व 27 नवंबर की रात्रि वन परिक्षेत्र बुढार अंतर्गत बीट खोह के ग्राम बंदरचुई (खोह) में वन्य प्राणियों के शिकार के उद्देश्य से 11 केव्ही विद्युत लाइन में जीआई तार के माध्यम से विद्युत करंट लगया गया था। बीटगार्ड खोह सम्हारूदीन बैगा अपनी बीट में रात्रि गश्त कर रहे थे कि तभी उनकी निगाह बिजली का करंट दौड़ रहे इन तारों पर पड़ गई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी।

श्रद्धा पन्द्रे ने वन परिक्षेत्र अधिकारी बुढ़ार सलीम खान, डॉग स्कॉड और वन स्टॉफ को जांच पडताल करने मौके पर

भेजा। डॉग स्कॉड द्वारा जब सर्चिंग कराई गई तो यह बात सामने आई कि धन्ना नायक उम्र 57 वर्ष और महेश नायक उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी बंदरचुई (खोह) ने अपनें खेत में जंगली जानवर का शिकार के उद्देश्य से 11 केव्ही विद्युत लाइन में करंट लगाया था। इसके बाद वन टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

उक्त कार्यवाही में सलीम खान वन परिक्षेत्राधिकारी बुढ़ार, जेपी मौर्य परिक्षेत्र सहायक पटना, सम्हारूदीन बैगा बीट गार्ड खोह, लल्लू सिंह बीटगार्ड पटना, राकेश बैगा बीट गार्ड खम्हरिया, चंद्रकुमार पटेल बीटगार्ड बेम्हौरी, श्रीमती सुनीता बैगा वनरक्षक, डॉग स्कॉड दल प्रभारी रामकमल पयासी एवं राजकुमार त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

दक्षिण शहडोल की वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पन्द्रे ने बताया कि दोनों आरोपियों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा का उलंघ्घन करनें पर उनके विरूद्ध वन अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय बुढार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से माननीय न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों के जमानत के आवेदन को खारिज करते हुये न्यायिक हिरासत में उप जेल बुढार भेज दिया गया।

पुलिसकर्मी को पीट कर वायरलेस लूटने वाला गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। पुलिसकर्मी पर हमला कर उसे घायल करने और उसका मोबाइल फोन व वायरलेस सेट लूट ले जाने वाली घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी विमल उर्फ बिल्ला को अमलाई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में अमलाई पुलिस सरगर्मी से जुटी हुई है।

यह है मामला

उल्लेखनीय है कि अमलाई पुलिस को सूचनाकर्ता रामसेन कोल ग्राम बकहो ने सूचना दी थी कि उसका भाई सुखसेन कोल जो कि पुलिस विभाग अनूपपुर में पदस्थ हैं। अपनी ड्यूटी पूरी कर शाम में मोटर साइकिल से घर लौट रहे था कि बटुरा में भारत पेट्रोल पंप के पास चार अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें घेर लिया।

इन हमलावरों ने नकदी, दो मोबाइल फोन, शासकीय वायरलेस सेट और पर्स सहित अन्य दस्तावेज छीन लिए। जब उन्होंने फोन पे की जानकारी देने से मना किया, तो उन पर चाकू से हमला करने की धमकी दी गई और शारीरिक हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं है। जिस पर थाना अमलाई में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अज्ञात आरोपियों की

शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दस हजार रुपए एवं पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन शहडोल द्वारा 30 हजार रुपए के इनाम की उद्घोषणा की गई थी।

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर अमलाई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस घटना के मुख्य आरोपी विमल उर्फ बिल्ला यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अमलाई पुलिस सरगर्मी से जुटी हुई है।आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक जयप्रकाश नारायण शर्मा, उप निरीक्षक महेन्द्र शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक अमृतलाल परस्ते, दीपक तिवारी, प्रधान आरक्षक दशरथ प्रजापति, राकेश सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, आरक्षक गुलाब सिंह और भागेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सार-समाचार

दो लापरवाह पटवारी निलंबित

शहडोल, देशबन्धु। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने सोहागपुर तहसील अंतर्गत सोहागपुर पटवारी प्रेम कुमार मिश्रा एवं ब्यौहारी तहसील अंतर्गत ब्यौहारी पटवारी राजकुमार पटेल को सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण एवं राजस्व महा अभियान 3.0 के कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

खेलो एमपी यूथ गेम्स की बैठक दो को

शहडोल, देशबन्धु। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी है कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में 2 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण नहीं, 33 अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश

उमरिया, देशबन्धु। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने जिलों की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें कई जिलों के कलेक्टरों की सराहना की गई, लेकिन उमरिया जिले को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद उमरिया जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की ऑनलाइन रिपोर्ट के आधार पर समीक्षा की। समीक्षा में विभिन्न विभागों की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। विभागों को सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत लंबित शिकायतों का निराकरण कराते हुए जिले और विभाग की ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, इसके बाव भी विभागों की ग्रेडिंग में कोई सुधार नहीं हुआ।

लंबित शिकायतों का समाधान नहीं पूर्व में कई बार सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों ने लंबित शिकायतों के समाधान में रुचि नहीं दिखाई, जिससे शिकायतें संतोषजनक रूप से बंद नहीं हो पाईं। इस लापरवाही के कारण जिले और विभाग की प्रगति बेहद कम आंकी गई, जिससे जिले की ग्रेडिंग पर नकारात्मक असर पड़ा है।

इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के 33 अधिकारियों का नवंबर 2024 का वेतन रोकने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब देखना होगा कि वेतन रुकने के बाद अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने में कितना सफल हो पाते हैं।

वन स्टॉप सेंटर, महिला ऊर्जा डेस्क, घरेलू हिंसा पर जागरुकता कार्यक्रम

सिंगरौली, देशबन्धु। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए चलाएं जा रहे हम होंगे कामयाब पखवाड़े के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, जिला सिंगरौली के मार्गदर्शन में शुक्रवार 29 नवम्बर को जिले मे हम होंगे कामयाब जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता अभियान के तहत गांव, कस्बा शहर एवं सार्वजनिक स्थान में महिलाओं को एकत्रित कर घरेलू हिंसा से संबंधित अधिनियम के संबंध में जानकारी देना, वन स्टॉप सेंटर महिला ऊर्जा डेस्क आदि संस्थाओं के संबंध में जानकारी साथ ही घरेलू हिंसा के संबंध में रिपोर्ट एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। हम होंगे कामयाब'' पखवाड़ा की उपलक्ष्य में महिला थाना एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा बैढ़न क्षेत्र के ताली मोहल्ले में महिलाओं को घरेलू हिंसा से जागरूक कराया गया। घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में बताया गया वन स्टॉप सेंटर महिला ऊर्जा डेस्क प्रतिकर योजना हेल्पलाइन नंबर एवं अन्य सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। थाना विंध्यनगर में हम होंगे कामयाब जागरुकता अभियान के तहत, आंगनबाड़ी केन्द्र नव जीवन बिहार, इंदिरा चौक, टैक्सी स्टैंड, स्कूल में छात्र छात्राओं को लघु फिल्म प्रोजेक्टर में दिखाई गई। महिलाओं एवं पुरुषों को एकत्रित कर घरेलू हिंसा से संबंधित अधिनियम, पाक्सो एक्ट, वन स्टॉप सेंटर, महिला ऊर्जा डेस्क आदि संस्थाओं के संबंध में जानकारी साथ ही घरेलू हिंसा के संबंध में रिपोर्ट एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न में कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें विद्यालय में बच्चों को घरेलू हिंसा के संबंध में जानकारी दी गई।

बिजली कंपनी की लापरवाही ने ली गजराज की जान

मैहर, देशबन्धु। जिले में शुक्रवार को एक नर हाथी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। खेतों के बीच से गुजर रहा हाथी जैसे ही बिजली के तारों के संपर्क में आया उसे करंट लगा और विशालकाय जानवर जमीन पर आ गिरा। सूचना मिलते ही मैहर कलेक्टर, एसडीएम और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हाथी के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही वन विभाग और मुकुंदपुर टाइगर रिजर्व प्रशासन में हड़कंप मच गया। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और हाथी के शव को कब्जे में लिया गया। अब हाथी के पोस्टमार्टम की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। वहीं आसपास के ग्रामीणों की भीड़ भी हाथी को देखने के लिए मौके पर जुट गई है।

मैहर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत शहडोल जिले के सीमाई गांव मझटोलवा कुआं में खेत के ऊपर से गई 11 केवी विद्युत लाइन ने एक हाथी की जान ले ली। हाथी अर्ध वयस्क था। उसका शव संतोष द्विवेदी नामक ग्रामीण के खेत में तार के नीचे पड़ा पाया गया। रेंजर दिग्विजय सिंह ने बताया कि रामनगर ब्लॉक का मझटोलवा गांव शहडोल

जिले के रमपुरवा, सुखाड़, कुमिया गांवों से जुड़ा हुआ है। शहडोल जिले में हाथियों का मूवमेंट है। गुरुवार रात क्षेत्र के लोगों ने पटाखे चला कर हाथियों को खदेड़ा था, जिसके कारण वे रामनगर के मझटोलवा कुआं गांव की तरफ आ गए थे।

अन्य हाथी निकल गए लेकिन एक हाथी उनसे अलग हो गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

रेंजर के मुताबिक हाथी का पोस्टमार्टम करा कर अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। हाथी की मौत के मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है, घटना की जांच की जाएगी। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि रात के समय हाथी ने खेत मे पड़ा पैरा खाने के प्रयास में सूंड उठाई होगी जो काफी नीचे लटक रही 11 केवी तार में टकराने से मौत हुई है।

गांव कुंवारी कुआं में भी करंट से एक हाथी की मौत

ब्यौहारी, देशबन्धु। वन विभाग जंगली जानवरों की सुरक्षा में नाकाम साबित हो रहा है। शहडोल जिले के सीमावर्ती सतना जिले के ग्राम कुंवारी कुआं में एक हाथी की करंट लगने से मौत हो गई है। यह घटना शहडोल जिले से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित सतना जिले के इस गांव में हुई। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, हाथी की मौत करंट लगने से हुई है, लेकिन जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले बांधवगढ़ में 10 हाथियों की मौत कोदो खाने से हुई थी, और अब एक और हाथी की मौत का मामला सामने आ गया है। इस घटना के बाद शहडोल और सतना जिलों के वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से 20 जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन भी किया था, जिसमें उनकी मांग थी कि वन विभाग इन हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर रेस्क्यू कर भेजे। हालांकि, अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा और बफर जोन में सुरक्षा के लिए तार लगाए जाएंगे। ब्यौहारी के रामपुरवा गांव में शुक्रवार सुबह जंगली हाथियों के मूवमेंट की सूचना वन विभाग को दी गई थी। एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने कहा कि इस क्षेत्र में हाथियों की लगातार हलचल बनी हुई है, और उनकी टीम इस पर निगरानी बनाए हुए है।

गलत जगह बना दिया आंगनबाड़ी भवन

उमरिया, देशबन्धु। आंगनबाड़ी भवनों को सर्व सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए जनमन योजना के तहत उमरिया जिले में बारह लाख रूपयों की लागत के मान से 23 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण करायें जाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बना कर उनके खाते में प्रथम और व्दित्रीय किस्त में समान अनुपात में बारह लाख रुपए प्रदान कर दिये गये है, लेकिन सर्व सुविधायुक्त इन भवनों की आधारशिला इतनी कमजोर, गुणवत्ताहीन रखी गई है कि पहले पायदान में ही पुरानी कहानी की यादें ताजी होती दिखाई दे रही है।

विडम्बना ही कहा जाये कि इन भवनों के निर्माण गुणवत्तापूर्ण और सर्व सुविधायुक्त बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, वह सभी अधिकारियों की पुरानी रीति रिवाज में कोई बदलाव नहीं आया है, जिससे यह आंशका फिर बलवती होती दिखाई दे रही है जो कि एक दशक पूर्व शुरू हुए आंगनबाड़ी भवनों का हुआ है। विदित हो कि वर्ष 2014-15 में भी आंगनबाड़ी भवनों की आधारशिला रखी गई थी, जो आज तक भी अपूर्ण बने हुए हैं जबकि इन भवनों की स्वीकृति लागत राशि संबंधित सरपंच -सचिवो के द्वारा आहरित कर हज़म कर गये, इन भवनों को पूरा कराने के लिए दोबारा, और तीसरी बार इन भवनों को पूरा कराने के लिए शासकीय धन राशि उड़ेली जा रही है फिर भी यह भवन कब पूरे होंगे यह एक अबूझ पहेली बनी हुई है।

आदिवासी विकास खंड पाली में जनमन योजना में एक आंगनबाड़ी भवन बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत कठई के चिनकी गांव में बनायी जानी है। पाली विकास खंड की यह पहला भवन है जिसे एक माडल के रूप में प्रस्तुत किया जाना है, लेकिन इस नव निर्मित होने वाली इस आंगनबाड़ी भवन की आधारशिला एक ऐसे पहुंच विहीन स्थल पर रखी गई है जहां पर पहुंचना ग्रामीणों के लिए ही मुश्किल भरा कदम है, तो अन्य पर्यवेक्षण कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के लिए वहां पहुंच पाना न सिर्फ जोखिम भरा है , बल्कि पैदल ही पहुंचना पड़ेगा ।

सड़क पर घूम कर सीएमओ ने देखी सफाई व्यवस्था

शहडोल, देशबन्धु। कोयलांचल नगरी धनपुरी की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभात बरकड़े ने वार्ड क्रमांक 17 और 18 में औचक निरीक्षण किया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बरकड़े ने इस दौरान वार्ड में रह रहे नागरिकों से उनको हो रही असुविधाओं और वार्ड में हो रही साफ सफाई के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।

नागरिकों ने जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बताया कि साफ सफाई ढंग से नहीं हो रही है जिस कारण उन्हें असुविधा हो रही है तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बरकड़े ने वार्ड प्रभारी को तत्काल सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बरकड़े ने नागरिकों को यह समझाइश भी सभी दी की वे घर-घर कचरा संग्रहण वाहन में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग दें। उन्होंने नागरिकों से यह अपील भी की कि सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग कतई न करें।

एनटीपीसी-विंध्याचल ने चार कर्मचारियों की सेवानिवृत पर दी भावभीनी विदाई

सिंगरौली, देशबन्धु। एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 29.11.2024 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 04 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं। श्री कृष्ण श्रीवास्तव, अभियंता एसएलपी एस(प्रचालन), जगतपाल राम, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), परमानंद वर्मा, अधिकारी/ एसएलपीएस (रसायन) एवं अमर सिंह, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन) शामिल हैं। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं।

इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

एनसीएल के 40वें स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट परियोजनाएं व श्रेष्ठकर्मी सम्मानित

सिंगरौली, देशबन्धु। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के 40वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को केन्द्रीय कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट परियोजनाओं व श्रेष्ठ कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। सिंगरौली स्टेडियम में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, एनसीएल के पूर्व सीएमडीगण क्रमश: एके दास, एसवी चाओजी, टीके नाग, बीआर रेड्डी, पीके सिन्हा, एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनसीएल पंकज कुमार, श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह उपस्थित रहे। साथ ही परियोजनाओं एवं मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष व बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण व स्थानीय जनमानस उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुरस्कार हेतु परियोजनाओं को 15 मिलियन टन से अधिक (ग्रुप-ए) तथा 15 मिलियन टन से कम (ग्रुप-बी) उत्पादन की श्रेणी में बांटा गया था। विभागीय कार्य में अधिकतम अवधि तक शून्य दुर्घटना के लिए सुरक्षा पुरस्कार (15 एमटी से अधिक) में खड़िया एवं (15 एमटी से कम) में ककरी क्षेत्र, पर्यावरण प्रबंधन में शानदार कार्य के लिए (15 एमटी से अधिक) में निगाही एवं (15 एमटी से कम) में ब्लॉक-बी क्षेत्र, सीएसआर कार्यों के लिए आवंटित बजट के सबसे अधिकतम प्रतिशत उपयोग के लिए ग्रुप-ए में जयंत क्षेत्र तथा ग्रुप-बी में कृष्णशिला क्षेत्र और सफलता पूर्वक सबसे अधिक सीएसआर प्रोजेक्ट पूरे करने के लिए ग्रुप-ए में खड़िया व ग्रुप-बी में बीना क्षेत्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनसीएल के सभी क्षेत्रों व इकाइयों के कर्मियों को तकनीकी नवाचार, गैर तकनीकी नवाचार, बहादुरी एवं उत्कृष्टता के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

उमरिया में छोटा भीम की तलाश में जुटे चार हाथी और 80 कर्मचारी

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक बार फिर चर्चा में है। लेकिन, इस बार मामला हाथियों की मौत से नहीं, बल्कि एक फंदे वाले बाघ की तलाश से जुड़ा हुआ है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में %छोटा भीम% नामक बाघ के गले में तार का फंदा फंसा हुआ है। पर्यटकों से यह जानकारी मिलने के बाद छोटा भीम की तलाश के लिए बीटीआर प्रबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। चार हाथी और करीब 80 कर्मचारी दिन-रात जंगलों में इस बाघ को जंगल में खोज रहे हैं। दरअसल, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों ने सोमवार को बाघ का वीडियो और फोटो खींचा था, जिसमें बाघ के गले में तार का फंदा नजर आ रहा था। इस सूचना के बाद से ही प्रबंधन ने बाघ को रेस्क्यू करने की कोशिश शुरू कर दी थी। मंगलवार को यह बाघ कई बार दिखाई दिया, लेकिन बुधवार को वह फिर से पकड़ से बाहर हो गया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि मंगलवार को बाघ पूरी तरह से स्वस्थ दिख रहा था और वह दौड़ते हुए भी नजर आया। इसका वीडियो भी जारी किया गया था, जिसमें बाघ दौड़ता हुआ नजर आ रहा है।